

RNI No.: UPHIN/25/A1697
GARVI GUJARAT
# गरवी गुजरात
गरवी गुजरात
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 183
दि. 04.11.2025,
मंगलवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : ASHWANI KUMAR Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.
Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in


## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 नवंबर को उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव समारोह में होंगे शामिल, जानिए कार्यक्रम और क्या है तैयारियां

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 नवंबर को उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव समारोह में शिरकत करेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। देहरादून के एफआरआई में 9 नवम्बर को उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव का मुख्य कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तैयारियों का निरीक्षण किया।

उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 नवम्बर को प्रदेशभर में भव्य रजत जयंती उत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफआरआई) में आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफआरआई पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल, सुरक्षा



व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, यातायात प्रबंधन, सांस्कृतिक मंच और स्वागत तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य स्थापना दिवस का यह ऐतिहासिक अवसर गरिमामय और व्यवस्थित तरीके से मनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड की 25 वर्ष की विकास यात्रा, संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सानिध्य में यह रजत जयंती समारोह प्रदेश के लिए प्रेरणादायक अवसर होगा। बता दें कि पीएम मोदी गुनियाल गांव में बने सैन्य धाम को भी जनता को समर्पित करेंगे। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को गुनियालगांव स्थित निमार्णाधीन सैन्य धाम के लोकार्पण से पूर्व कि सभी आवश्यक कार्य और तैयारियां पूर्ण करने के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि 09 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड दौरे के दौरान सैन्यधाम का लोकार्पण प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह धाम सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है और शीघ्र ही प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि सैन्यधाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के संकल्प का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि देशभर में विभिन्न सैन्य स्मारकों का अध्ययन करने के बाद इसे सबसे भव्य और अद्वितीय रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की सेना में बाबा हरभजन सिंह और बाबा जसवंत सिंह की पूजा की जाती है, उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सैन्यधाम में म्यूजियम, थियेटर और लाइट एंड साउंड शो जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से वीर शहीदों की गाथाएं और पराक्रम प्रदर्शित किए जाएंगे। मंत्री जोशी ने कहा कि लोकार्पण के बाद जिस प्रकार लोग चारधाम यात्रा के लिए आते हैं, उसी प्रकार लोग हमारे वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने और उनकी वीरता जानने के लिए सैन्यधाम अवश्य आएंगे।

## मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल बेमौसम बारिश से प्रभावित क्षेत्रों के किसानों के साथ खड़े रहे, धरतीपुत्रों की व्यथा संवेदनापूर्वक सुनी

- मुख्यमंत्री ने गीर सोमनाथ तथा जूनागढ जिलों के गाँवों में स्वयं जाकर फसल नुकसान के स्थल-स्थिति का निरीक्षण किया, धरतीपुत्रों की व्यथा संवेदनापूर्वक सुनी
- राज्य में बेमौसम वर्षा से कृषि फसलों को हुए नुकसान का मुख्यमंत्री के दिशानिर्देश में युद्ध स्तर पर सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया
- राज्य के लगभग 70 प्रतिशत प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण, 4800 से अधिक टीमें सर्वेक्षण कार्य में जुड़ीं
- शेष प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के लिए समग्र प्रशासन 247 कार्यरत है

-: मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल :-

- किसानों पर आन पड़ी विपदा में राज्य सरकार पूरी संवेदना के साथ खड़ी है
- अति शीघ्र राहत पैकेज घोषित कर किसानों को नुकसान से तेजी से उबारने की प्रतिबद्धता

गांधीनगर, 03 नवम्बर:मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने अक्टूबर महीने के अंतिम सप्ताह से शुरू हुई बेमौसम बारिश से राज्य के अनेक किसानों की फसलों को हुए व्यापक नुकसान के रूप में आई अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा के समय पूरी संवेदना के साथ राज्य के किसानों के साथ खड़े रहकर नुकसान के सर्वेक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कराया है।

श्री पटेल ने इस उद्देश्य से गांधीनगर से रीयल टाइम मॉनिटरिंग कर तथा उच्च स्तरीय बैठकें आयोजित कर राज्य के किसानों को हुए नुकसान की जानकारी हासिल की थी और किसानों की फसलों को हुए व्यापक नुकसान की पूरी रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए थे।



इस संदर्भ में कृषि विभाग सहित राज्य सरकार के अन्य विभागों ने समन्वय स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण शुरू कर दिया है और अब तक लगभग 70 प्रतिशत प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया है। शेष क्षेत्रों में भी सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए मुख्यमंत्री के दिशादर्शन में कृषि विभाग सहित सम्बद्ध विभाग 247 कार्यरत हैं।

इस बेमौसम बरसात के कारण कृषि फसलों में हुए नुकसान के चलते किसानों को अधिक से अधिक तेजी से सहायता मिल सके; इसके लिए प्रभावित जिलों में 4800 से अधिक टीमों द्वारा सर्वेक्षण कार्य युद्ध स्तर पर किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल सोमवार दोपहर बाद स्वयं गीर सोमनाथ जिले के कडवासण तथा जूनागढ जिले के पाणीद्रा गाँव पहुँचे और उन्होंने किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को हुए नुकसान का मौके पर जायजा लिया तथा किसानों की व्यथा सहानुभूतिपूर्वक सुनी।

मुख्यमंत्री के साथ मंत्री श्री अर्जुनभाई मोढवाडिया, डॉ. प्रद्युमन वाजा तथा राज्य मंत्री श्री कौशिकभाई वेकरिया भी इन प्रभावित क्षेत्रों के स्थल निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने धरतीपुत्रों को सांत्वना देते हुए कहा कि समग्र सरकार उनके साथ पूरी संवेदना के साथ खड़ी है और किसानों को नुकसान से तेजी से उबार कर स्थिति पूर्ववत करने की प्रतिबद्धता के साथ कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक अनुमान के अनुसार हाल की बेमौसम बारिश में राज्य में 249 तहसीलों के 16 हजार से अधिक गाँवों की कृषि फसलों को नुकसान हुआ है। इसमें 70 प्रतिशत प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है, जबकि शेष क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि राज्य सरकार ने इस नुकसान का सर्वेक्षण होते ही अति शीघ्र समय में उदारतम राहत सहायता पैकेज घोषित करने की दिशा में जरूरी प्रक्रिया भी तत्परता के साथ शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार के मंत्रियों ने भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर फसलों को हुए नुकसान तथा समग्र स्थिति का जायजा लिया है। उप मुख्यमंत्री श्री हर्ष संघवी सूरत, कृषि मंत्री श्री जीतूभाई वाघाणी भावनगर, आदिजाति विकास मंत्री श्री नरेश पटेल तापी, वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री अर्जुनभाई मोढवाडिया तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. प्रद्युमन वाजा जूनागढ तथा गीर सोमनाथ और राज्य मंत्री श्री कौशिकभाई वेकरिया अमरेली जिले का दौरा कर किसानों के दुःख में सहभागी हुए।

## 'पप्पू, टप्पू, अप्पू... इण्डी गठबंधन तीन बंदरों की जोड़ी', दरभंगा में बोले यूपी के सीएम योगी

**यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दरभंगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया ब्लॉक को तीन बंदरों की जोड़ी बताया. उन्होंने कहा कि एनडीए विजयी होगा, तो बिहार विजयी होगा.**

दरभंगा (जीएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के दरभंगा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया. सीएम योगी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को राम द्रोही बताया और कहा कि जो मां जानकी का विरोधी है, वह हमारा भी विरोधी है. उन्होंने राम मंदिर निर्माण का उल्लेख किया और कहा कि जब रामलला विराजमान होंगे, तब मिथिला में मां जानकी भी विराजमान होंगी.



सीएम योगी ने कहा कि सीतामढ़ी में मां जानकी का भी मंदिर बन रहा है. अब दोनों को जोड़ने के लिए राम जानकी मार्ग के निर्माण का काम भी युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है. उन्होंने मखाना बोर्ड के गठन से लेकर लाख की चूड़ियों को पहचान दिलाने तक, सड़क से लेकर वायु और जलमार्ग तक, एनडीए सरकार के प्रयास गिनाए और कहा कि डबल इंजन की सरकार होती है, तो ऐसे ही विकास की बहार होती है. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या से संदेश लेकर मां जानकी की धरती पर आया हूं. डबल इंजन सरकार योजनाओं का लाभ हर तबके को दे रही है.

उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर भी जमकर हमला बोला. सीएम योगी ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस वाले हिंदू द्रोही हैं, रामद्रोही हैं. उन्होंने कहा कि आपने गांधी जी के तीन बंदरों के बारे में सुना होगा. आज इंडी गठबंधन के तीन बंदर आ गए- पप्पू, टप्पू और अप्पू के नाम पर. यह गठबंधन तीन बंदर की जोड़ी है.

### जयपुर में 'यमराज' बनकर आया डंपर! एक के बाद एक 19 लोगों को दी मौत, जानें वजह?



नवंबर माह की शुरूआत के साथ ही, हादसों का सिलसिला शुरू हो चुका है। राजस्थान एकाएक सड़क हादसों की चपेट में आ गया है। सोमवार (3 नवंबर) दोपहर जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सीकर रोड पर एक अनियंत्रित डम्पर ट्रक ने करीब एक दर्जन वाहनों को रौंद डाला। इस भयावह दुर्घटना में कम से कम 19 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा लोहामंडी के पास दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब हाईवे पर ट्रैफिक सामान्य था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड स्थापना रजतोत्सव पर विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित

(जीएनएस)।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड राज्य स्थापना, रजतोत्सव के अवसर पर आयोजित, उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि विगत पचीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं।

पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य-सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने सराहनीय प्रगति की है। इसी तरह डिजिटल और फिजिकल कनेक्टिविटी तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलमेंट के क्षेत्रों में भी विकास हुआ है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में मानव विकास सूचकांक के मानकों पर सुधार हुआ है।

राज्य में साक्षरता बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है, मातृ एवं शिशु-मृत्यु-दर में कमी आई है, राज्य में स्वास्थ्य- सेवाओं को सुलभ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



राष्ट्रपति ने राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विशेष सराहना करते हुए कहा कि, इससे राज्य में सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। इसी तरह ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधान सभा अध्यक्ष नियुक्त करके उत्तराखंड विधान सभा ने अपना गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने कहा वे सभी हितधारकों के सक्रिय प्रयास से उत्तराखंड विधान सभा में महिलाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी होते देखना चाहेंगी।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड की इस देव-भूमि से अध्यात्म और शौर्य की परम्पराएं प्रवाहित होती रही हैं। कुमांऊ रेजीमेंट और गढ़वाल रेजीमेंट के नाम से ही यहां की शौर्य परंपरा का परिचय मिलता है। यहां के युवाओं में भारतीय सेना के जरिए मातृ-भूमि की रक्षा करने के प्रति उत्साह दिखाई देता है।

उत्तराखंड की यह शौर्य परंपरा सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक परंपरा को शक्ति प्रदान करने में भी उत्तराखंड के अनेक जन-सेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने 'नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता' के निर्माण के लिए संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत प्रावधान किया था।

## 'योगीजी के भी 400 दिन बचे हैं, बुलडोजर से डरना मत!', अखिलेश के तेवर गरम, रैली की 5 बड़ी बात

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मोर्चा संभाल लिया है। समाजवादी पार्टी और महागठबंधन के लिए प्रचार करने पहुंचे अखिलेश ने पूर्वी चंपारण के कल्याणपुर और सिवान के रघुनाथपुर में ताबड़तोड़ सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने बीजेपी, योगी आदित्यनाथ और केंद्र सरकार पर करारे प्रहार किए।

तेजस्वी यादव को "न्यू बिहार" की नींव रखने वाला नेता बताते हुए उन्होंने युवाओं से रोजगार और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूत करने की अपील की।अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ पर बिना नाम लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा, "हमारे पड़ोसी की परवाह मत करना, वो बुलडोजर से डरा रहे हैं। लेकिन उनके बुलडोजर के पास दिमाग नहीं है। बताओ अगर चाबी बदल गई तो बुलडोजर कहां जाएगा? उनके पास सिर्फ बुलडोजर है, लेकिन न कंप्यूटर आता है, न लैपटॉप, न इंटरनेट। इंस्टाग्राम कोई दिखाता है, फेसबुक कोई चलाता है, और एक्स (ट्विटर) कोई और संभालता है।"



उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा, "योगीजी के भी अब सिर्फ 400 दिन बचे हैं। लोग कहते हैं कि विरासत में बुद्धि नहीं मिलती। कुछ लोग गोरखपुर के एक शो रूम में गए थे, वहां शैंपू ढूंढ रहे थे लेकिन शैंपू से बाल उगते नहीं, साफ होते हैं।"

"न्यू बिहार बनने जा रहा है, तेजस्वी लाएंगे नौकरी की बहार"

अखिलेश यादव ने कहा कि अब बिहार को अपने संसाधनों पर भरोसा करना होगा। उन्होंने दावा किया, "बिहार का पैसा बिहार में लगेगा और बिहार के लोग खुशहाल होंगे। अबकी बार न्यू बिहार बनने जा रहा है। तेजस्वी यादव युवाओं को नौकरी देंगे, किसानों को राहत देंगे और भ्रष्टाचार पर रोक लगाएंगे।"

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, "इन्होंने कहा था किसान की आय दोगुनी करेंगे, लेकिन 11 साल में हुआ क्या? आय तो बढ़ी नहीं, लेकिन महंगाई जरूर दो गुनी हो गई। पेट्रोल, डीजल, जीएसटी सब कुछ बढ़ा दिया गया, व्यापार ठप है और नौजवान बेरोजगार घूम रहा है।"

"अब हिसाब देने का समय आया है-20 साल की नहीं, 11 साल की दिल्ली सरकार का भी"

अखिलेश यादव ने अपने भाषण में सामाजिक न्याय के प्रतीक नेताओं कपूरी ठाकुर और लालू प्रसाद यादव- का जिक्र किया।




# सम्पादकीय

## युवा बनाम अनुभव

बिहार विधानसभा चुनाव 2025ः अस्थिर गठबंधन और युवा बनाम अनुभवी नेतृत्व की जंग, बिहार 2025 का चुनाव स्थिरता बनाम परिवर्तन, अनुभव बनाम युवा ऊर्जा और पुराने जातिगत आधार बनाम नए आर्थिक विमर्श के बीच का संघर्ष है। मतगणना के दिन तक, राज्य की 243 सीटों पर अनिाितता का माहौल बना रहेगा। बिहार विधानसभा चुनाव 2025ः अस्थिर गठबंधन और युवा बनाम अनुभवी नेतृत्व की जंग बिहार का 2025 विधानसभा चुनाव राजनीतिक अस्थिरता, नए सिरे से बने गठबंधनों, और युवा बनाम अनुभवी नेतृत्व के बीच सीधे मुकाबले के कारण भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ बन चुका है। यह चुनाव न केवल राज्य के शासन की दिशा तय करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस बार का चुनावी परिदृश्य पिछले चुनावों से कई मायनों में अलग है, खासकर मुख्यमंत्री नीतीश वुमार के बार-बार पाला बदलने ने इस जंग को और भी दिलचस्प बना दिया है। यह चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश वुमार का राजनैतिक भविष्य भी तै करेगा। बिहार की राजनीति हमेशा से ही गठबंधनों के टूटने और बनने के लिए जानी जाती है, लेकिन 2025 के चुनाव से पहले का घटनाम अभूतपूर्व रहा। जनवरी 2024 में, जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश वुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेतृत्व वाले महागठबंधन को छोड़कर नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और एक बार फिर भारतीय जनता पाटा (बीजेपी) के साथ मिलकर सरकार बनाई। इस बार एनडीए में प्रमुख रूप से बीजेपी, जदयू और जीतन राम मांझी की हिदुस्तानी आवाम मोर्चा (एचएएम) शामिल हैं। एनडीए गठबंधन विकास और सुशासन के पुराने एजेंडे पर भरोसा कर रहा है, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय चेहरा एक बड़ा पैक्टर है। हालांकि, नीतीश वुमार के दलबदल से उपजी विश्वसनीयता का संकट एनडीए के लिए एक चुनौती है। सीट बंटवारे को लेकर वुछ छोटे सहयोगियों में असंतोष की खबरें और मगध जैसे वुछ क्षेत्रों में पिछले चुनाव में एनडीए का कमजोर प्रदर्शन इस गठबंधन के लिए चिता का विषय है। नीतीश वुमार के एनडीए में लौटने के बाद, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के युवा नेता तेजस्वी यादव महागठबंधन के एकमात्र और र्निविवाद नेता बन गए हैं। इस गठबंधन में आरजेडी, कांग्रेस, और वाम दल (ण्ज्ह, ण्ज्ह-श्ठ) शामिल हैं।\ महागठबंधन का मुख्य फोकस तेजस्वी यादव के रोजगार और विकास के वादे पर है। तेजस्वी, अपने पिता लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के आधार को आर्थिक न्याय के साथ जोड़कर एक नया राजनीतिक विमर्श बनाने की कोशिश कर रहे हैं। तेजस्वी यादव खुद को परिवर्तनकारी नेता के रूप में पेश कर रहे हैं, जो डबल इंजन सरकार की कथित विफलता और पुराने जंगलराज के आरोपों का मुकाबला युवा और विजनरी नेता की छवि से कर रहे हैं। बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से ही निर्णायक रहे हैं। इस चुनाव में भी '4 सी' (कास्ट, वैंडिडेट, वैश और कोऑडिनेशन) पैक्टर महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। जीतन राम मांझी (हम) और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पाटा (वीआईपी) जैसे छोटे क्षेत्रीय दल, जो व्रमशः मुसहर और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के मतदाताओं पर प्रभाव रखते हैं, निर्णायक साबित हो सकते हैं। वीआईपी, जो अब महागठबंधन में है, मिथिलांचल क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ के कारण गठबंधन को मजबूती दे सकता है। यादव-मुस्लिम (एमवाई) समीकरण आरजेडी का पारंपरिक आधार है, जबकि एनडीए वुमा-कोइरी के साथ मिलकर अगड़ी जातियों और दलितों के एक हिस्से को साधने की कोशिश कर रहा है। यह चुनाव केवल गठबंधन की राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनहित के मुद्दों पर भी लड़ा जा रहा है। तेजस्वी यादव ने 10 लाख सरकारी नौकरियों का अपना पुराना वादा दोहराया है, जो राज्य के युवा मतदाताओं के बीच एक बड़ा चुनावी मुद्दा है। एनडीए जंगलराज के आरोपों को फिर से हवा दे रहा है, लेकिन तेजस्वी यादव ने इस बार इसे डबल जंगलराज कहकर पलटवार किया है। वे मौजूदा (एनडीए) सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

# 'छठ बनाम हैलोवीन' पर संग्राम! मोदी-शाह का लालू परिवार पर हमला, प्रियंका गांधी ने कसा तंज

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल अब पूरी तरह सांस्कृतिक और धार्मिक रंग ले चुका है। सोमवार, 3 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस और अन्य दलों) पर हिंदू आस्था के त्योहारों के "अपमान" का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला।

बीजेपी ने लालू प्रसाद यादव के परिवार द्वारा मनाए गए "हैलोवीन" उत्सव को निशाने पर लेते हुए इसे भारतीय परंपराओं के खिलाफ बताया। अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी वार करते हुए कहा कि उन्होंने "छठी मइया का अपमान" किया है। वहीं, पीएम मोदी ने विपक्ष पर "राम मंदिर का विरोध" और "घुसपैठियों को बचाने" का आरोप लगाया।

लालू परिवार का 'हैलोवीन सेलिब्रेशन'

राजनीतिक विवाद की शुरूआत तब हुई जब आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें उनका परिवार हैलोवीन मना रहा था। यह वीडियो उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने साझा किया था, जिसमें लालू यादव अपने पोते-पोतियों के साथ हंसते-मुस्कुराते दिख रहे थे। बच्चे हैलोवीन कॉस्ट्यूम में थे, जिनमें से एक 'ग्रिम रीपर' के रूप में नजर आया।

बीजेपी ने इस वीडियो को हाथों-हाथ लेते हुए कहा कि लालू यादव वही नेता हैं जिन्होंने पहले कुंभ मेले को "फालतू" कहा था और अब "विदेशी त्योहार" मना रहे हैं। बीजेपी किसान मोर्चा ने एक्स ( ) पर लिखा - "बिहार के लोगों, मत भूलिए! यही लालू यादव हैं जिन्होंने आस्था और अध्यात्म के महापर्व कुंभ को 'फालतू' कहा था, और अब हैलोवीन का जश्न मना रहे हैं।"

पीएम मोदी का हमला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी




चुनावी सभाओं में विपक्ष पर तीखा वार किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के नेता न तो छठ पूजा का सम्मान करते हैं, न ही राम मंदिर निर्माण का समर्थन करते हैं। मोदी ने कहा - ये वही लोग हैं जो हर बार घुसपैठियों को बचाने के लिए कूद पड़ते हैं। इनकी राजनीति देश की सुरक्षा से समझौता करती है। मोदी का यह बयान बिहार के उन इलाकों में आया जहां मुस्लिम आबादी अधिक है। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर सांप्रदायिक कोण नहीं जोड़ा, लेकिन संकेत साफ थे कि बीजेपी अब सांस्कृतिक पहचान को केंद्र में रखकर चुनावी नैरेटिव गढ़ रही है।

शिवहर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शाह ने महागठबंधन पर आरोप लगाया कि ये दल न केवल हिंदू त्योहारों का मजाक उड़ा रहे हैं, बल्कि विदेशी संस्कृति और घुसपैठियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

प्रियंका गांधी का पलटवार

बीजेपी के इस सांस्कृतिक मोर्चे पर जवाब देते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष पर "अपमान" का आरोप लगाते हैं। सहरसा और लखीसराय में रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा , मोदी जी विकास की बात नहीं करते। हर दिन कहते हैं कि किसी ने उनका अपमान किया। उन्हें एक नया मंत्रालय बनाना चाहिए - 'अपमान मंत्रालय', क्योंकि यही काम उनकी सरकार सबसे ज्यादा करती है। प्रियंका ने कहा कि बिहार की जनता अब बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार पर जवाब मांग रही है, लेकिन प्रधानमंत्री हर सवाल से बचने के लिए भावनाओं का सहारा ले रहे हैं।

'छठ बनाम हैलोवीन': चुनावी नैरेटिव

बिहार में इस बार चुनावी जंग सिर्फ गठबंधनों के बीच नहीं, बल्कि "संस्कृति बनाम पश्चिमी प्रभाव" के बीच भी दिख रही है। बीजेपी जहां छठ, राम मंदिर और हिंदू अस्मिता को केंद्र में रखकर जनता से जुड़ने की कोशिश कर रही है, वहीं महागठबंधन बेरोजगारी, महंगाई और विकास जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहता है।

आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या "छठ बनाम हैलोवीन" की यह सियासी जंग वोटों में बदल पाती है या जनता विकास को ही असली मुद्दा मानकर अपना फैसला सुनाती है।

# 22 साल की उम्र में अरबपति बने भारतीय मूल के लड़के, फेसबक के मालिक का तोड़ा रिकॉर्ड

(जीएनएस)।

22-22 साल के तीन दोस्तों ने अपनी मेहनत और दिमाग के बल पर इतिहास रच दिया है। इनमें दो भारतीय-अमेरिकी - आदर्श हीरेमठ और सूर्या मिधा, और उनके अमेरिकी दोस्त ब्रेंडन फूडी शामिल हैं।

$10 बिलियन की बनाई कंपनी

इन तीनों ने अपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित कंपनी Mercor के जरिए दुनिया के सबसे युवा अरबपति बनने का गौरव हासिल किया है। Mercor ने हाल ही में 350 मिलियन डॉलर का इन्वेस्टमेंट उठाया है, जिससे कंपनी की वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर (लगभग ₹83,000 करोड़) तक पहुंच गई। इस सफलता के साथ ही तीनों दोस्तों ने टीइ के सीईओ मार्क जकरबर्ग का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने साल 2008 में 23 साल की उम्र में पहली बार Forbes Billionaire List में जगह बनाई थी।

स्कूल से लेकर स्टार्टअप तक

भारतीय मूल के आदर्श हीरेमठ और सूर्या मिधा का जन्म कैलिफोर्निया के सैन होजे में हुआ। दोनों ने Bellarmine College Preparatory, एक प्रतिष्ठित ऑल-बॉयज हाई स्कूल से शिक्षा प्राप्त की। यहीं से उनकी तार्किक सोच, टीमवर्क और नेतृत्व की क्षमता विकसित हुई। शिक्षकों के अनुसार, दोनों डिबेट टीम के एक्टिव मेंबर थे, जहां उन्होंने रणनीतिक सोच और निर्णायक क्षमताओं को निखारा। वही कौशल आगे चलकर Mercor की सफलता का आधार बने।



हार्वर्ड से लेकर अककंपनी तक का सफर

आदर्श हीरेमठ ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में डिग्री प्राप्त की। वहां उन्होंने मैक्रोइकॉनॉमिक्स विभाग में एक रिसर्च असिस्टेंट के रूप में भी काम किया। पढ़ाई के दूसरे वर्ष में ही उन्होंने अपने हॉस्टल रूम से Mercor की सह-स्थापना की।

मानव श्रम और AI

हीरेमठ का मानना था कि "लेबर एग्रीगेशन यानी मानव श्रम को अक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए जोड़ा जा सकता है," और यही 21वीं सदी का सबसे बड़ा अवसर होगा। बेलार्मिन में उन्होंने राष्ट्रीय नीति वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी जीत हासिल की, जिसने उनकी एनालिटिकल स्किल को और निखारा।

अरबपति इन्वेस्टर के आगे पिच किया आइडिया

Forbes की रिपोर्ट के अनुसार, आदर्श हीरेमठ अरबपति निवेशक पीटर थील के कार्यक्रम "Thiel Fellowship" के सदस्य हैं। इस फेलोशिप के तहत हर साल चुनिंदा युवा उद्यमियों को कॉलेज छोड़कर नवाचार करने के लिए $100,000 (एक लाख डॉलर) की ग्रांट दी जाती है।

भारतीय इंजीनियरों के लिए शुरू हुई Mercor

Mercor की शुरूआत वर्ष 2023 में हुई थी। इसका उद्देश्य भारतीय इंजीनियरों को अमेरिकी कंपनियों से जोड़ना था, जो फ्रीलांस कोडर्स की तलाश में थीं। Mercor ने तेजी से वृद्धि की और आज यह कंपनी AI-आधारित टैलेंट मैचिंग, ऑटोमेटेड इंटरव्यू सिस्टम और ग्लोबल रिमोट वर्क प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित हो चुकी है।

युवा अरबपतियों में बढ़ा कॉम्पीटीशन

27 साल शेन कॉपलन, जो क्रिप्टोकरेंसी प्रेडिक्शन प्लेटफॉर्म Polymarket के संस्थापक हैं, हाल ही में अरबपतियों की सूची में शामिल हुए। उन्हें न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज के मालिक Intercontinental Exchange से $2 अरब डॉलर का निवेश मिला। इससे पहले, Scale AI के संस्थापक अलेक्जेंडर वांग (28 वर्ष) ने 18 महीनों तक यह खिताब अपने नाम रखा था। वहीं, उनकी सह-संस्थापक लूसी गुओ 30 वर्ष की उम्र में दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला अरबपति बनीं, और इस मामले में उन्होंने टेलर स्विफ्ट को भी पीछे छोड़ दिया।

आदर्श हीरेमठ कौन हैं? और क्या है उनका Mercor से रिश्ता?

Adarsh Hiremath एक अमेरिकी व्यवसायी हैं और Mercor के सह-संस्थापक एवं CTO (Chief Technology Officer) हैं। 2025 में Forbes की रिपोर्ट के अनुसार, उनकी कंपनी की वैल्यूएशन लगभग $10 बिलियन हो चुकी है, जिससे हीरेमठ और उनके सह-संस्थापक दुनिया के सबसे कम उम्र के सेल्फ-मेड अरबपतियों में शामिल हो गए। कंपनी के AI-इंटरव्यू सिस्टम, प्लेटफॉर्म आर्किटेक्चर, और टैलेंट मैचिंग तकनीक उनके नेतृत्व में विकसित की गई हैं।

हीरेमठ का कहना है- "अगर मैं Mercor पर काम नहीं कर रहा होता, तो शायद अभी कॉलेज से ग्रैजुएट हो रहा होता।"

दिल्ली से हैं सूर्या मिधा की जड़ें

Surya Midha, Mercor के सह-संस्थापक और अरबपति बनने वाले सबसे युवा उद्यमियों में से एक हैं। उनके माता-पिता नई दिल्ली से अमेरिका आए थे। सूर्या का जन्म माउंटेन व्यू, कैलिफोर्निया में हुआ और वे सैन होजे में पले-बढ़े। उन्होंने Georgetown University से Foreign Studies में स्नातक की डिग्री हासिल की। उनके सह-संस्थापक ब्रेंडन फूडी भी Georgetown University में पढ़ाई कर रहे थे, जहां वे Economics विषय के छात्र थे।

# बिहार के चुनाव पर दुनिया की निगाहें; सात देशों के राजनयिकों ने किया दौरा, पीएम मोदी की सभा में हुए शामिल

बिहार के विधानसभा चुनाव में बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान को देखने-समझने के लिए सात देशों के राजनयिकों ने बिहार का दो दिन का दौरा किया। उन्होंने पीएम मोदी की एक जनसभा भी देखी।

बिहार में विदेशी राजनयिकों ने बीजेपी का चुनाव प्रचार अभियान देखा।

पटनाः बिहार के विधानसभा चुनाव पर सिर्फ देश की ही नहीं दुनिया की निगाहें टिकी हैं। बिहार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार अभियान कई देशों की जिज्ञासा का विषय है। जापान, इंडोनेशिया, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन), भूटान और दक्षिण अफ्रीका के राजनयिकों (डिप्लोमेट) के एक दल ने बिहार का दौरा किया है।

सात देशों के राजनयिकों ने बीजेपी के चुनाव प्रचार अभियान को करीब से देखने के लिए बिहार का दो दिन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक जनसभा



देखी और बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। यह दल रविवार को बिहार पहुंचा था और उसने आरा में प्रधानमंत्री मोदी की रैली में लोगों की भारी भीड़ और उनका जोश देखा।

राजनयिकों का यह दल बिहार के विधानसभा चुनाव और इसमें बीजेपी के प्रचार को जानने-समझने के लिए यहां आया था। बीजेपी के विदेश मामलों के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने बताया कि, "प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आरा में हुई जनसभा देखी। वहां उन्होंने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान लोगों की भारी भागीदारी और जोश को महसूस किया।"

इस दो दिन के दौरे के दौरान राजनयिकों ने रवि शंकर प्रसाद, धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े जैसे बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी की। उन्होंने जमीनी स्तर पर घर-घर जाकर किए जा रहे चुनाव प्रचार को भी देखा।

बीजेपी की रणनीतियों को समझने की कोशिश

चौथाईवाले ने कहा कि, "उन्होंने बाद में पटना में बीजेपी के राज्य मुख्यालय का दौरा किया और पार्टी के संगठन, संचार रणनीति और चुनाव प्रबंधन प्रणाली को समझने के लिए वरिष्ठ नेताओं से बातचीत की।" इस दौरे का मुख्य उद्देश्य विदेशी राजनयिकों को भारत में एक प्रमुख राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार के तौर-तरीकों से अवगत कराना था। उन्होंने पार्टी की जमीनी स्तर की गतिविधियों और राष्ट्रीय स्तर की रणनीतियों को समझने की कोशिश की।

बिहार में चुनाव 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे, जबकि वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। पहले चरण में 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 122 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

# चीन में कैसे मर गए 76 युवा वैज्ञानिक? क्या फिर महामारी फैलाने वाला है ड्रैगन?

(जीएनएस)।

युवा वैज्ञानिकों की मृत्यु दर को ट्रैक करने वाले एक नए डेटाबेस ने शिक्षाविदों और समाज में बड़ी चिंता पैदा कर दी है। इस डेटा ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या वास्तव में वैज्ञानिकों में कोई चिंताजनक पैटर्न उभर रहा है। हालांकि, इस सूची को लेकर कई लोगों ने आलोचना भी की है- उनका कहना है कि इस तरह के डेटा के उपयोग से नैतिक मुद्दे उठते हैं और यह जरूरी नहीं कि यह पूरी तस्वीर सामने लाता हो।

एक साल में 76 युवा शोधकताओं की मौत

कंप्यूटर प्रोग्रामरों के लिए बनाए गए ऑनलाइन मंच CSND पर पिछले सप्ताह एक फाइल पोस्ट की गई थी। इस फाइल के अनुसार, साल 2025 में अब तक 60 वर्ष से कम उम्र के कम से कम 76 शोधकताओं की मृत्यु हो चुकी है, जबकि पिछले पूरे साल यह संख्या 44 थी।




इस सूची में सबसे कम उम्र की वैज्ञानिक डॉन्ग सिजिया थीं- वे नानजिंग विश्वविद्यालय में समुद्र विज्ञान की सहायक प्रोफेसर थीं और उनकी मृत्यु सिर्फ 33 वर्ष की उम्र में हो गई। इस बीच, हांगकांग में युवाओं की आत्महत्या दर लगातार बढ़ रही है, जिसने इस मुद्दे को और गंभीर बना दिया है।

सरकार को चेताने के लिए खोली पोल

गुआंग्डोंग प्रांत के एक गुमनाम संकलक ने यह डेटा तैयार किया है। उनका कहना है कि यह सूची सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी पर आधारित है और इसका मकसद लोगों को जागरूक करना, क्षेत्रीय असमानता को दिखाना, और सरकार को नीति निर्माण में मदद देना है।

डेटा इकट्ठा करने वाले के मुताबिक, यह डेटा शोध के लिए एक सहायक उपकरण बन सकता है जो चीन में अकादमिक तनाव और क्षेत्रीय विषमता को बेहतर समझने में मदद करेगा। इसके अलावा सरकारी तंत्र कैसे लोगों से काम करा रहा है उसकी भी पोल खोलना जरूरी है।

छेड़ी नई बहस

हालांकि, इस डेटा ने चीन में नैतिक बहस को जन्म दे दिया है। कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या इन मृत वैज्ञानिकों के परिवारों से अनुमति ली गई थी या नहीं। कुछ ने यह भी कहा कि यह तरीका संवेदनहीनता को दशार्ता है, क्योंकि मृत व्यक्तियों की निजी जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा की गई है।

केवल युवा वैज्ञानिकों पर ध्यान क्यों?

कई आलोचकों ने यह भी सवाल उठाया कि केवल युवा शिक्षकों और शोधकताओं को ही इस सूची में क्यों शामिल किया गया है। उनका कहना है कि अगर उद्देश्य मृत्यु दर को समझना है, तो अन्य पेशों जैसे मजदूरों, ड्राइवरों या फैक्ट्री वर्करों के आंकड़ों की तुलना भी की जानी चाहिए। इससे स्पष्ट होगा कि क्या वैज्ञानिकों की मृत्यु दर वास्तव में अधिक है या नहीं।

वैज्ञानिकों में बढ़ता तनाव और आत्महत्या की घटनाएं

मई 2024 में Preventive Medicine Reports जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में भी इसी तरह की चिंताएँ जताई गई थीं। रिसर्च में पाया गया कि एकेडमी में आत्महत्याओं की संख्या बढ़ रही है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में यह घट रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, अधिकांश पीड़ित युवा पुरुष वैज्ञानिक थे, जो साइंस और इंजीनियरिंग जैसे कठिन विषयों से जुड़े थे। इनमें से लगभग 65% मामलों में काम का अत्यधिक दबाव मुख्य कारण बताया गया था।

# बीसीसीआई के 51 करोड़ इनाम का कैसे होगा बंटवारा? हर खिलाड़ी के खाते में कितना पैसा आएगा

(जीएनएस)।

भारत की महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप 2025 का खिताब जीत इतिहास रच दिया, इसके बाद बीसीसीआई ने टीम को 51 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। यह भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी इनामी राशि है, जिसने खिलाड़ियों और फैन्स दोनों का दिल जीत लिया है।

सवाल यह भी है कि महिला टीम को इतनी बड़ी राशि कैसे मिलेगी, क्या प्रोसेस होगा और किस खिलाड़ी को कितने रुपये मिलने वाले हैं। पुरुष टीमों को भी जब इस तरह की रकम मिली है, तब भी बंटवारा हुआ था लेकिन अकेले प्लेयर्स ने रकम नहीं बांटी थी।

हर खिलाड़ी को मिलेगा कितना पैसा?

महिला टीम में कुल 15 खिलाड़ी और 3 कोचिंग स्टाफ मिलाकर 18 सदस्य हैं। इन 18 लोगों में यह रकम



बांटी जाती है, तो हर सदस्य को करीब 2.83 करोड़ रुपये मिलने की संभावना है। इसके अलावा भी एक और समीकरण सामने आता है।

सपोर्ट स्टाफ में बराबर पैसा बांटने पर कितने मिलेगा?

जब इसमें कंडीशनिंग कोच, फिजियो, एनालिस्ट, डॉक्टर और ट्रेनर जैसे सपोर्ट स्टाफ को भी शामिल कर लिया जाए, तो कुल संख्या लगभग 25 सदस्यों की हो जाती है। अब अगर यह इनामी राशि इन 25 लोगों में बराबर बांटी जाए, तो इस स्थिति में हर सदस्य को लगभग 2.04 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। इसमें एक बात तो तय है कि दोनों ही कंडीशंस में हर प्लेयर को 2 करोड़ से कम राशि तो नहीं मिलने वाली है।

आईसीसी से भी मिली है बड़ी विनिंग प्राइज मनी

बोर्ड की इनामी राशि के अलावा प्लेयर्स को आईसीसी ने भी एक बड़ी रकम दी है, 40 करोड़ के करीब इनामी राशि विनर टीम के लिए थी और महिला वर्ल्ड कप के इतिहास में यह सबसे बड़ी रकम है, जो टीम इंडिया को मिली है।

फाइनल मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला गया। इस रोमांचक फाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने सर्वाधिक 87 रन बनाए। जवाब में खेलते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम 246 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

RNI No.: UPHIN/25/A1697 Published & Owned by AJAYKUMAR RAMANLAL PRAJAPATI and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh. and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : ASHWANI KUMAR

# पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस एवं जयपुर के बीच चलाएगी स्पेशल ट्रेन

मुंबई,

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस एवं जयपुर स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09730/09729 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर स्पेशल [02 फेरे]

ट्रेन संख्या 09730 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर स्पेशल बुधवार, 05 नवंबर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 09:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06:45 बजे जयपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09729 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल मंगलवार, 04 नवंबर, 2025 को जयपुर से 08:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, मांडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर और किशनगढ़ स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच हैं।

ट्रेन 09730 की बुकिंग 04 नवम्बर, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे द्वारा राष्ट्रव्यापी 'पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जागरूकता अभियान' में सहभागिता

मुंबई, रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुरूप पश्चिम रेलवे राष्ट्रव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 में सक्रिय रूप से भाग ले रही है, जिसका आयोजन पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 नवंबर से 30 नवंबर, 2025 तक किया जा रहा है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता के माध्यम से पेंशनभोगियों को सशक्त बनाना और एंड्रॉइड और आईओएस दोनों उपकरणों पर उपलब्ध 'लाइफ सर्टिफिकेट' मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट को सहजता से जमा करने की सुविधा प्रदान करना है। नवंबर माह के दौरान पश्चिम रेलवे के अधिकार क्षेत्र में रेलवे कार्यालयों, बैंकों, अस्पतालों आदि सहित विभिन्न स्थानों पर शिविर, सेमिनार और कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी। ये गतिविधियाँ पेंशन भुगतान करने वाले बैंकों, पेंशनर्स एसोसिएशन और ट्रेड




यूनियनों के सहयोग से जागरूकता फैलाने और पेंशनभोगियों को अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने में सहायता प्रदान करने के लिए आयोजित की जा रही हैं। पेंशनभोगियों को पेंशन लाभ प्राप्त करते रहने के लिए हर साल नवंबर महीने में अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना अनिवार्य है। डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट घर बैठे ऑनलाइन जमा करने की सुविधा देकर इस प्रक्रिया को सरल बनाता है।

पिछले तीन वर्षों में राज्य और केंद्र सरकार के विभागों में 4.5 करोड़ से अधिक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं। रेलवे, सरकारी संगठनों में सबसे बड़े पेंशनभोगी आधारों में से एक है और पश्चिम रेलवे इस अभियान के दौरान सभी रेलवे पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को कवर करने के लिए एक व्यापक आउटरीच कार्यक्रम चला रही है।

पश्चिम रेलवे सभी पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने हेतु इस सुविधाजनक डिजिटल सुविधा का लाभ उठाने का अनुरोध करती है। पेंशनभोगी पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित सेमिनारों और कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं या डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रक्रिया से संबंधित किसी भी सहायता या मार्गदर्शन के लिए अपने निकटतम रेलवे लेखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# भावनगर-ओखा एक्सप्रेस 04 एवं 05 नवंबर को द्वारका स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी

रेलवे प्रशासन द्वारा ओखा स्टेशन पर एल.सी. संख्या 313 के एल.एच.एस. पर गर्डर लॉन्चिंग कार्य किए जाने के कारण दिनांक 05 एवं 06 नवंबर, 2025 को आवश्यक इंजीनियरिंग कार्य किया जाएगा। इस कार्य के मद्देनजर, कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट एवं शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अतुल कुमार त्रिपाठी ने बताया कि —

- ट्रेन संख्या 19209 भावनगरझ्ओखा एक्सप्रेस दिनांक 04 एवं 05 नवंबर, 2025 को द्वारका स्टेशन पर ही समाप्त होगी।
- इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 19210 ओखाझ्भावनगर एक्सप्रेस दिनांक 05 एवं 06 नवंबर, 2025 को द्वारका स्टेशन से ही प्रारंभ होगी।

भावनगर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दिनेश वर्मा ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे उक्त तिथियों में अपनी यात्रा से पूर्व गाड़ियों की स्थिति एवं समय संबंधी नवीनतम जानकारी के लिए NTES ऐप अथवा भारतीय रेल की आधिकारिक वेबसाइट से जानकारी प्राप्त करें।

आरक्षित यात्रियों को इस परिवर्तन की सूचना रटर अलर्ट के माध्यम से प्रदान की जाएगी। रेलवे प्रशासन यात्रियों से सहयोग की अपील करता है एवं किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है।

# जुबिन गर्ग की हत्या की गई थी, असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने किया बड़ा दावा

(जीएनएस)।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सिंगर जुबीन गर्ग मामले में सोमवार को बड़ा बयान दिया है। सीएम बिस्वा ने दावा किया कि जुबीन गर्ग की "हत्या" हुई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में आरोप पत्र 8 दिसंबर को दाखिल किया जाएगा।

ध्यान रहे असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में स्वीमिंग करते हुए रहस्यमय परिस्थितियों में हुई थी। वह नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ) के चौथे संस्करण में शामिल होने के लिए सिंगापुर गए थे।

सरमा ने पत्रकारों को बताया, "मैं इसे दुर्घटना नहीं मान रहा हूं। इस हत्या



के मामले में चार्जशीट 17 दिसंबर तक जमा करनी होगी, लेकिन मैंने इसे 8 दिसंबर तक दाखिल करने का लक्ष्य रखा है। अब हम तैयार हैं।" उन्होंने जोर देकर कहा कि असम पुलिस ने जुबीन गर्ग के मैनेजर और फेस्टिवल के आयोजक पर हत्या का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि जांचकताओं ने इस मामले को हत्या के रूप में वगीर्कृत क्यों किया है। असम पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के तहत गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गर्ग की मौत की जांच कर रहा है। राज्य भर में इस संबंध में 60 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई थीं।

सरमा ने यह भी बताया कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर इस मामले में चार्जशीट दाखिल करने की त्वरित मंजूरी मांगी है। विदेश में हुई घटनाओं में चार्जशीट दाखिल करने के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए) की अनुमति आवश्यक होती है।

सरमा ने कहा, "कल, मैंने केंद्रीय गृह मंत्री से इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मुलाकात की। एसआईटी चार्जशीट दाखिल करने से पहले आवश्यक मंजूरी के लिए अगले तीन से चार दिनों के भीतर एमएचए से संपर्क करेगी।" यह पूछे जाने पर कि क्या असम सरकार ने एनईआईएफ को कोई वित्तीय सहायता दी थी, सरमा ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं हुआ था।

इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों में एनईआईएफ के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत, गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, और बैंड के दो सदस्य - शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृत प्रभा महंत शामिल हैं। गायक के चचेरे भाई, असम पुलिस के डीएसपी संदीपान गर्ग को भी बाद में हिरासत में लिया गया।

गर्ग के दो निजी सुरक्षा अधिकारियों, नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य को भी गिरफ्तार किया गया था, जब पुलिस ने उनके खातों में ₹1.1 करोड़ से अधिक के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन का खुलासा किया। सभी सात आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं और उन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या, गैर-इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत का आरोप लगाया गया है।

# मुंबई एयरपोर्ट इस तारीख को बंद रहेगा, चेक करें समय

(जीएनएस)।

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (CSMIA) पर 20 नवंबर को उड़ान संचालन छह घंटे के लिए बंद रहेगा। सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, हवाई अड्डा संचालक मानसून के बाद रनवे के व्यापक वार्षिक रखरखाव का काम करेगा।

मुंबई हवाई अड्डे पर होने वाले इस रखरखाव कार्य में रनवे लाइटिंग, मार्किंग और ड्रेनेज सिस्टम का विस्तृत निरीक्षण, सतह की मरम्मत और तकनीकी मूल्यांकन शामिल होगा। हवाई अड्डा संचालक ने बताया कि दोनों क्रॉस रनवे - 09/27 और 14/32 - 20 नवंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेंगे।

अडानी समूह और एएआई के स्वामित्व वाले मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (MIAL) ने कहा कि यह निर्धारित रनवे बंदी निरंतर सुरक्षा, विश्वसनीयता और वैश्विक विमानन मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए है।



मुंबई हवाई अड्डे के पास दो इंटरसेक्टिंग रनवे हैं, मुख्य रनवे 9/27 और सेकेंडरी रनवे 14/32। ये रनवे प्रतिदिन लगभग 950 उड़ानों का प्रबंधन करते हैं, जिससे यह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद देश का दूसरा सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन जाता है।

MIAL ने बताया कि एक NOTAM (ठङ्मह्ली ३ङ्क अ१ील्ल) पहले ही जारी कर दिया गया था, जिससे एयरलाइंस और अन्य हितधारकों को अपनी उड़ान अनुसूची और मैनपावर प्लानिंग को समायोजित करने का समय मिल सके। टकअछ ने कहा कि यह सक्रिय संचार संचालन में सहज समन्वय को सक्षम बनाता है और यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करता है।

आम तौर पर, NOTAM एक ऐसा नोटिस होता है जिसमें उड़ान संचालन में शामिल कर्मियों के लिए आवश्यक जानकारी होती है।

# माननीय रेलमंत्री ने अहमदाबाद स्टेशन का दौरा किया

## अहमदाबाद स्टेशन पुनर्विकास एवं हाई स्पीड रेल परियोजना के प्रगति की समीक्षा की

माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने दिनांक 03.11.2025 को अहमदाबाद स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने अहमदाबाद स्टेशन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों तथा हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना के प्रगति की समीक्षा की।

माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने अहमदाबाद स्टेशन पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया और इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भारत में यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। वर्तमान में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, जिनमें अहमदाबाद स्टेशन एक प्रमुख स्टेशन है।

श्री वैष्णव ने बताया कि अहमदाबाद स्टेशन पर 16 मंज़िला आधुनिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। सरसपुर साइड पर बुलेट ट्रेन परियोजना का कार्य तेजी से चल रहा है तथा अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल स्टेशन लगभग पूर्णता की ओर है। बुलेट ट्रेन स्टेशन और अहमदाबाद रेलवे स्टेशन को आपस में एकीकृत (इंटीग्रेटेड) रूप से विकसित किया जा रहा है, सरसपुर साइड मेट्रो स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा यात्रियों के लिए खोला जा चुका है।



उन्होंने आगे बताया कि अहमदाबाद स्टेशन को तीन अतिरिक्त प्लेटफॉर्म प्राप्त होंगे, जिससे स्टेशन की ट्रेनों की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। स्टेशन को शहर के दोनों ओर कालूपुर और सरसपुर साइड आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। सभी प्लेटफॉर्म कोंकर्स रूफ प्लाजा से कवर हो जाएंगे तथा स्टेशन पर एलीवेटेड रोड का कार्य भी तीव्र गति से जारी है। इस प्रकार शहर के दोनों छोर कोंकोर्स,एलेवेटेड रोड, फूटओवर ब्रिज से जुड़ जाएगा। मंत्री महोदय ने बताया कि पिछली बार जब उन्होंने परियोजना का निरीक्षण किया था, तब बेसमेंट का कार्य प्रगति पर था, अब दो अंडरग्राउंड बेसमेंट एवं ग्राउंड फ्लोर का कार्य पूर्ण हो गया है जबकि चौथी मंज़िल तक का स्ट्रक्चर फ्रेम तैयार हो चुका है।

देश के प्रमुख 20 स्टेशनों जैसे दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद से नई ट्रेनों की डिमांड अधिक आती है। गुजरात में अहमदाबाद और सूरत से से अधिक मांग रहती है। इस बढ़ती डिमांड को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ाने हेतु अहमदाबाद के वटवा में एक मेगा टर्मिनल विकसित किया जाएगा, जिसमें 10 पिट लाइनों का निर्माण होगा। इसके माध्यम से लगभग 45 अतिरिक्त ट्रेनों की केपेसिटी बढ़ेगी जिससे अहमदाबाद से लगभग 150 ट्रेनों का संचालन संभव हो पाएगा।

अहमदाबाद स्टेशन का पुनर्विकास कार्य विरासत स्मारकों को आधुनिक शहरी केंद्र के साथ एकीकृत करने की अवधारणा पर आधारित है। यह परियोजना एक विश्वस्तरीय मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (टटळ्ल) का निर्माण करेगी, जिसमें पर्याप्त पार्किंग, कालूपुर आरओबी और सारंगपुर आरओबी को जोड़ने वाला एलिवेटेड रोड नेटवर्क, लैंडस्केप्ड प्लाजा, कॉनकोर्स एरिया तथा उन्नत यात्री सुविधाएं सम्मिलित होंगी।

स्टेशन का वास्तुशिल्प डिजाइन मोढेरा सूर्य मंदिर से प्रेरित है, जो सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक सौंदर्य का सुंदर समावेश प्रदर्शित करेगा। कालूपुर साइड स्थित आइकॉनिक एमएमटीएच टॉवर अहमदाबाद के वास्तु परिदृश्य का नया प्रतीक बनेगा। एएसआई संरक्षित 'ईंट (ब्रिक्स) मीनार' और 'झूलता मीनार' को भी पुनर्विकास योजना में समाहित किया जाएगा।

यह स्टेशन राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल टर्मिनल, मेट्रो और बीआरटीएस से एलिवेटेड नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध रूप से जुड़ा होगा, जिससे सुचारू मल्टीमॉडल एकीकरण सुनिश्चित होगा और शहर में भीड़भाड़ में कमी आएगी।

रेल पटरियों के ऊपर 15 एकड़ में फैला कॉनकोर्स प्लाजा और 7 एकड़ का मेजेनाइन प्लाजा बनाया जाएगा, जिसमें यात्रियों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, फूड कोर्ट, खुदरा दुकानें आदि सुविधाएं होंगी। यह पुनर्विकसित स्टेशन एक ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित होगा, जो ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर केंद्रित रहेगा।

स्टेशन में अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकें, स्वचालित पार्सल डिपो सिस्टम और दिव्यांगजन-अनुकूल संरचना (लिफ्ट एवं एस्केलेटर सहित) सुनिश्चित की गई हैं।

अहमदाबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास परियोजना न केवल आधुनिक अवसंरचना का प्रतीक बनेगी, बल्कि शहर की सांस्कृतिक विरासत को भी संजोए रखते हुए अहमदाबाद को एक प्रमुख वैश्विक महानगर के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

# मेडिकल ऑफिसर, नर्सिंग अधिकारी से 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार, हैरान करने वाली है वजह

(जीएनएस)।

उत्तराखंड में विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मेडिकल ऑफिसर को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोप है कि मेडिकल ऑफिसर जो कि प्रभारी सीएचसी नैनीडांडा हैं, अदालीखाल पीएचसी पर नियुक्त नर्सिंग अधिकारी से उनकी नियुक्ति पीएचसी पर ही बनाये रखने के एवज में रिश्वत ले रहे थे।

विजिलेंस ने आरोपी को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के कार्यालय और घर पर तलाशी कर रही है। साथ ही आरोपी अधिकारी के चल अचल संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।पुलिस टीम की पूछताछ और दस्तावेज खंगालने का काम जारी है।

विजिलेंस ने मिली जानकारी के अनुसार अदालीखाल पीएचसी पर नियुक्त नर्सिंग अधिकारी ने विजिलेंस को इस बात की शिकायत दर्ज कराई कि प्रभारी सीएचसी नैनीडांडा ने अदालीखाल पीएचसी पर उनकी नियुक्त पीएचसी पर ही बनाये रखने के



एवज में बीस हजार रुपये की रिश्वत की डिमांड की थी। इसकी शिकायत पीड़ित ने विजिलेंस से की। जिसके बाद ट्रैप टीम ने अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा।

सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर देहरादून की ट्रैप टीम द्वारा आशुतोष त्रिपाठी मेडिकल ऑफिसर/प्रभारी सीएचसी नैनीडांडा को अदालीखाल पीएचसी पर नियुक्त नर्सिंग अधिकारी/शिकायतकर्ता से उनकी नियुक्ति पीएचसी पर ही बनाये रखने के एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद सतर्कता सैक्टर हल्द्वानी की टीम द्वारा अभियुक्त के आवास पर चल-अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में तलाशी व पूछताछ जारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ,सतर्कता अधिष्ठान, मुख्यालय द्वारा ट्रैप टीम को 2500 रु0 नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी। अपील जारी कर कहा कि यदि कोई राज्य के सरकारी विभागों में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी, अपने पदीय कार्य के सम्पादन में किसी प्रकार का दबाव बनाकर रिश्वत की मांग करता है तथा उसके द्वारा आय से अधिक अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी हो, तो इस सम्बन्ध में सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री हैल्पलाइन नम्बर-1064 एवं हैं३२ंस्र्स्र हैल्पलाईन नम्बर 9456592300 पर सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में निर्भीक होकर सूचना दें।

# किस कार ने कुचला दुलारचंद यादव को? अब तक नहीं मिला सुराग, अनंत सिंह अब सीआईडी के रडार पर

(जीएनएस)।

मोकामा विधानसभा क्षेत्र का तारतर गांव इन दिनों सुर्खियों में है। दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में अब CID ने भी एंट्री ले ली है। सीआईडी की टीम इस केस की जांच स्थानीय पुलिस के साथ समानांतर तौर पर करेगी।

अधिकारियों का कहना है कि जांच के नतीजे दोनों एजेंसियां आपस में साझा करेंगी, ताकि किसी पक्ष के साथ अन्याय न हो सके। एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने पुष्टि की है कि सीआईडी के लिए एक अलग टीम गठित कर दी गई है। वहीं, पुलिस की कई टीमें अब भी फरार आरोपितों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही हैं।

चार दिन बाद भी नहीं मिला सुराग, हथियार और कार अब भी लापता

घटना को हुए चार दिन गुजर चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस न तो उस वाहन को बरामद कर पाई है जिससे दुलारचंद को कुचला गया, न ही घटना में इस्तेमाल हथियार का कोई पता लगा सकी है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हृदय और फेफड़ों में गंभीर चोट बताया गया है। शुरूआती जांच में यह सामने आया कि दुलारचंद के पैर में गोली मारी गई, फिर कार से उन्हें रौंद दिया गया। हालांकि अब तक यह साफ नहीं हो सका कि कार कौन चला रहा था और वह वाहन कहां गया।

मोकामा कांड की गुत्थीः दुलारचंद यादव की मौत हत्या थी या हादसा?

अनंत सिंह जेल में और कई सवाल अब भी अनसुलझे

मोकामा कांड की गुत्थीः दुलारचंद यादव की मौत हत्या थी या हादसा?



अनंत सिंह जेल में और कई सवाल अब भी अनसुलझे

अनंत सिंह से पूछताछ की तैयारी, रिमांड पर लिया जा सकता है

जांच में बड़ा मोड़ तब आया जब पता चला कि घटना के वक्त बाहुबली नेता अनंत सिंह मौके पर मौजूद थे। एसएसपी ने बताया कि 30 अक्टूबर को चुनाव प्रचार के दौरान अनंत सिंह और जदयू प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी का काफिला एक ही रूट से गुजर रहा था। तभी दोनों गुटों के बीच भिड़ंत हुई और मामला हत्या तक पहुंच गया।

अब पुलिस अनंत सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है। सवाल यह है कि गोली चलाने वाला कौन था और वह हथियार कहां से लाया गया। इसके अलावा यह भी जांचा जाएगा कि दुलारचंद को कुचलने वाली कार किसकी थी और किसने चलाई थी।

वीडियो फुटेज से पहचान में जुटी पुलिस, 80 लोग अब तक गिरफ्तार

पुलिस ने अब तक इस मामले में करीब 80 लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार को ही 15 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना में शामिल हर व्यक्ति की पहचान की जा सके। साथ ही फरार आरोपितों की तलाश में कई टीमों को मोकामा और उसके आस-पास के इलाकों में तैनात किया गया है।

अर्धसैनिक बलों की 13 कंपनियां तैनात, रळ्रूभी मैदान में

मोकामा की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एसटीएफ की दो यूनिट, अर्धसैनिक बलों की 13 कंपनियां और चार क्विक रिस्पॉन्स टीम (दफ्ळ) लगातार गश्त कर रही हैं। डीएसपी और थानेदारों की संयुक्त टीम गांव-गांव छापेमारी कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही घटना से जुड़ी कार और हथियार बरामद कर लिए जाएंगे।

कौन हैं अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी, अब मोकामा में संभालेंगी मोर्चा! ऐसे शुरू हुई थी दोनों की लव स्टोरी

कई दिशाओं में चल रही जांच, बढ़ सकता है सियासी तनाव

यह मामला अब सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि सियासी गर्मी का केंद्र बन चुका है। चुनावी माहौल के बीच अनंत सिंह की गिरफ्तारी ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। सीआईडी के जांच में आने से उम्मीद है कि इस केस की असल सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल पुलिस और सीआईडी दोनों एजेंसियां कार, हथियार और साजिश की कड़ी जोड़ने में जुटी हैं।

शुरूआती झड़प से हत्या तक-पूरा मामला एक नजर में

30 अक्टूबर को भदौर थाना क्षेत्र में दो प्रत्याशियों के समर्थकों में झड़प हुई।

तारतर गांव के दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई और बाद में कार से कुचल दिया गया।

घटना के बाद चार केस दर्ज किए गए-दो अनंत सिंह पक्ष से, दो विरोधी पक्ष से।

पुलिस ने अब तक 80 गिरफ्तारियां कीं, जबकि मुख्य वाहन और हथियार की तलाश जारी है।

अब उकऊभी जांच में शामिल होकर पूरे केस को नई दिशा दे रही है।

# एलडीए के जिम्मेदार अधिकारियों की खुली आंखों के सामने नोटों की जगमगाती झालर की रोशनी ने बंद की आंखें

(जीएनएस)।

लखनऊ। थाना वजीरगंज क्षेत्र के अंतर्गत आगामीर ड्योढ़ी चौकी में आने वाले क्षेत्र सिटी स्टेशन जाने वाले रास्ते पर जुबली इंटर कॉलेज के सामने दाहिने हाथ पर चल रहा है अवैध कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण डबल बेसमेंट के साथ बिना एलडीए का नक्शा पास करवाए बनाई जा रही है ये बिल्डिंग जोकि लगभग बन चुकी है दुकानों के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण को ठेंगा दिखाते जोन 7 के दबंग बिल्डर और अधिकारी, मानक को ताक पर रखकर चल रहा है अवैध बिल्डिंग का निर्माण कार्य जो की मानक के विपरीत है और बिना कम्पाउंडिंग फीस जमा किये बिना सिटबैक छोड़े हुए



बनाई जा रही है ये अवैध बिल्डिंग काफी जोरो शोरो से चल रहा है ये अवैध बिल्डिंग का निर्माण कार्य, देखने मे ऐसा लगता है मानो की जैसे एलडीए के अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा हो काम, क्यूंकि काम को चलते लगभग 6 माह हो चुके है, क्या अभी तक किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी है इस अवैध निर्माण पर, क्या ये निर्माण पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और अध्यसित हो जाएगा उसके बाद करेंगे कार्यवाही। एलडीए जोन 7 के अधिकारी इसको संज्ञान मे लेकर इस निर्माण पर जल्द करें कार्यवाही। या नोटों की झालर आंखों के सामने पड़ी होने के कारण देख के भी अनदेखा करते हैं जिम्मेदार अधिकारी।

# इसरो ने फिर किया कमाल, सबसे भारी रॉकेट ने भरी उड़ान, सीएमएस-03 सैटेलाइट लॉन्च

(जीएनएस)।

लखनऊ। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने एक और ऐतिहासिक उड़ान दर्ज की है श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से भारत के सबसे भारी रॉकेट LVM3-M5 ने उड़ान भरी, जो संचार उपग्रह CMS-03 को लेकर अंतरिक्ष की ओर रवाना हुआ यह मिशन भारत की अंतरिक्ष संचार क्षमताओं को नई



ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला साबित होगा पहले रॉकेट ने अपने दोनों S200 सॉलिड बूस्टर और पेलोड फेयरिंग को सफलतापूर्वक अलग किया, जिसके बाद यह L110 लिक्विड कोर स्टेज में पहुंच गया था अब ताजा अपडेट के अनुसार, L110 चरण बंद (shutoff) होते ही रॉकेट ने अपने अंतिम और सबसे उन्नत चरण, C25 क्रायोजेनिक स्टेज में प्रवेश कर लिया है।

# पत्रकार विकास काउंसिल भारत के प्रदेश संयोजक एवं संरक्षक के यहां अखंड रामचरितमानस पाठ के आयोजन में पहुँचे राष्ट्रीय महासचिव

(जीएनएस)।

लखनऊ। प्रयागराज क्षेत्र में जे पी पैलेस कौंधियारा वरिष्ठ अधिवक्ता पत्रकार विकास कॉउंसिल के संरक्षक जयप्रकाश पांडेय एवं प्रदेश संयोजक नवीन पांडेय के यहां हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया जिसमें पत्रकार विकास कॉउंसिल भारत के राष्ट्रीय महासचिव एवं सी न्यूज भारत के स्टेट हेड डीके मिश्र पहुँचे जहाँ नवीन पांडेय एवं जयप्रकाश पांडेय द्वारा स्वागत किया गया उसके उपरांत आरती पूजन कर भंडारे का प्रसाद



ग्रहण किया। रामचरितमानस पाठ कार्यक्रम में मुख्य रूप से बंधवा मंदिर के पुजारी सूरज महराज, प्रदेश कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह, मंडल संरक्षक उमानाथ मिश्र, अनुपम पांडेय, सत्यप्रताप शुक्ला, आशीष मिश्र, वीरेंद्र सिंह मंडल संयोजक के साथ तमाम साथी उपस्थित रहे।

# नगर निगम-एलडीए की मिलीभगत से मवैया चौराहे पर चल रहा अवैध निर्माण!

**आलमबाग के मवैया चौराहे पर लगभग 4 फिट सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर किया जा रहा अवैध निर्माण**

(जीएनएस)।

लखनऊ। दबंग निर्माणकर्ता द्वारा नगर निगम की 4 फीट चौड़ी गली की जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण कर पुराने इंटों से खड़ी कर दी गई इमारत हद तो तब हो गई कि इसी बिल्डिंग के नीचे एक माला तक का बेसमेंट भी बना दिया गया जबकि अगल बगल जर्जर इमारतें भी हैं और नाला भी गया हुआ है, क्या ये बिल्डर और अधिकारिओं की नजर मे इंसान कि जिन्दगी कि कोई कीमत नहीं रह गई, जबकि कई बार ऐसे बेसमेंट की वजह से बिल्डिंग गिर चुकी हैं और लोगों को अपनी जान भी गँवानी पड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम जोन-2 और एलडीए जोन-6 के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा, शिकायतों के बावजूद निर्माण कार्य और तेजी से जारी है जिसे आप खुद देख सकते हो ये हाल ही मे बनी नई विडिओ मे, फर्नीशिंग का काम बहुत ही तेजी से चल रहा है, अवैध रूप से तैयार इस बिल्डिंग मे सूत्रों के अनुसार पता चला है एलडीए के जूनियर इंजीनियर सुनील कुमार और जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय, दोनों ने उठाई है बिल्डर से मोटी रकम, और उनको आश्वासन भी दिया है कि आप डरो मत हमलोग देखलेंगे, आप दुकान मे




सामान शिफ्ट कर दो और जो भी खबर चल रही है उससे कुछ नहीं होने वाला वाह्ह्हह्ह्ह्ह रे एलडीए के भृष्ट अधिकारिओं वाह, माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कि अच्छी छवि को पैसे के लिए मत गन्दी करो जनता को बहुत विश्वास है उनके ऊपर क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध कब्जा फल-फूल रहा है, और साथ मे चोरी छुपके एक कामर्शियल दुकान और बन रही है एलडीए कि डीलिंग के साथ सरकारी जमीन पर जबकि कई बार एलडीए के जोनल अधिकारी, जे.ई.और नगर निगम के अधिकारी यहाँ पर मोअयना करने आ भी चुके हैं उसके बाद भी ना तो एलडीए और ना ही नगर निगम ने करी कोई कयार्वाही जबकि 30/10/25 को कल ही क्षेत्रीय जे ई सुनील कुमार से मैंने पूछा भी लेकिन वो अपने आप को बिजी बताते हुए फोन काट देते है उसके बाद फोन नहीं उठाते, जोनल मैडम वंदना जी से भी पूछा गया लेकिन अभी तक ना कोई जवाब दिया गया है। और ना ही मौके पर कोई अधिकारी देखने आया है सारे अधिकारी मौन हैं, खुलेआम निर्माण हो रहा है और जिम्मेदार विभाग जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं चाहे वो नगर निगम के हो या फिर एलडीए के जबकि वो खुद जान रहे है कि ये गलत तरीके से तैयार की गई कामर्शियल ईमारत है, ईमारत पूरी तरह से तैयार भी हो चुकी है जिसे आप खुद देख सकते हैं इस पिक मे कहीं ये तैयार की गई ईमारत अधिकारिओं की किसी डील का हिस्सा तो नहीं, इस निर्माण की जाँच उच्च अधिकारियों द्वारा करवानी चाहिए जिससे की जनता का विश्वास सरकारी विभागों पर बना रहे और भृष्ट अधिकारियों कि ऑखें खुले।

# कृष्णा नगर क्षेत्र में सोना ब्यूटी सैलून की आड़ में चल रहा सेक्स रैकेट

(जीएनएस)।

लखनऊ। कृष्णा नगर क्षेत्र के वीआईपी रोड पर सोना ब्यूटी सैलून के नाम से खोले गए पार्लर में धड़ल्ले से चल रहा है देह व्यापार का काला कारोबार अलग-अलग पार्ट में बनाए गए कमरों में सैलून फेशियल के नाम पर ग्राहकों को परोसी जाती है लड़कियां सेक्स रैकेट में कई लड़कियों सहित पुरुष व महिला भी शामिल। राजधानी में आखिर



किसकी सरपरस्ती में सोना ब्यूटी सैलून के अंदर फल फूल रहा है देह व्यापार का गोरख धंधा जबकि यह बिल्डिंग कृष्णा नगर थाने से व सरार्फा पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर वीआईपी रोड पर स्थित है उसके बावजूद भी क्यो नहीं है कृष्णा नगर पुलिस को जानकारी गंदगी फैलाने वालों पर कब गिरेगी उच्च अधिकारियों की गाज या फिर यूं ही चलता रहेगा देह व्यापार का गोरख धंधा।

# मुख्यमंत्री के विजन को जन-जन तक पहुँचाने वाले लोकप्रिय सूचना निदेशक विशाल सिंह का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र पहनाकर पत्रकारों और कर्मचारियों ने दी सूचना निदेशक को जन्मदिन की बधाई**

लखनऊ।उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों के प्रचार-प्रसार में अतुलनीय योगदान देने वाले, युवा और ऊर्जावान सूचना निदेशक विशाल सिंह (आई.ए.एस.) का जन्मदिन आज सूचना निदेशालय में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया।पत्रकारों और विभाग के अधिकारियों की भारी उपस्थिति ने समारोह को यादगार बना दिया।पत्रकारों ने निदेशक को पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र भेंट किए और केक काटकर हर्षोल्लास के साथ उनका जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर पत्रकारों ने निदेशक के स्वस्थ, दीघार्यु और सफल जीवन की कामना की।निदेशक विशाल सिंह ने स्वयं केक काटा और सभी उपस्थित लोगों





को मिठाई खिलाकर अपना स्नेह और आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद एवं सचिव जुबैर अहमद ने उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि विशाल सिंह के नेतृत्व में सूचना निदेशालय नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वह पत्रकार हित संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, मुख्यमंत्री के विजन को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुँचा रहे हैं, जिससे उन्होंने प्रदेश के मुखिया और मीडिया जगत दोनों का दिल जीत लिया है।जन्मदिन के मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण सिंह,अब्दुल वहीद,जुबैर अहमद, सय्यद गुलाम हुसैन,देवराज सिंह,नज्म अहसन,कौसर जहां,अजय सिंह,राघवेंद्र त्रिपाठी,सुनील कुमार,नवीन लाल सूरी जैसे प्रमुख पत्रकारों के साथ-साथ अपर सूचना निदेशक अरविंद मिश्रा,सहायक निदेशक जे पी सिंह,लेखाधिकारी संजय सिंह,परशुराम मौर्या,प्रमोद कपिल सिंह,शालिनी तोमर, अशोक सिंह,प्रमोद,संदीप ओझा,दीपक बाजपेई,अनिल सिंह,राहुल,मनोज यादव आदि मौजूद थे।अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# फतेहपुर तहसील में मत्स्य एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े किसानो की संगोष्ठी का आयोजन हुआ

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। अभिनव मत्स्य सहकारी फेडरेशन बाराबंकी द्वारा तहसील फतेहपुर मे मत्स्य एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े किसानो की संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विकास खंडो के जागरूक किसानो द्वारा प्रतिभाग किया गया '

गोष्ठी को संबोधित करते हुए स्टेट कोऑर्डिनेटर एस. आर. गुप्ता ने बताया कि गोष्ठी का उद्देश्य किसानों को अपने उत्पादों का सही और संवर्धित मूल्य प्राप्त कराना है, अभिनव मत्स्य फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर सिंह ने कहा आज से यहां पर एक ऐसा केंद्र खोला जा रहा है जो मत्स्य एवं कृषि क्षेत्र की सारी समस्याओं का निदान करने का



पूर्ण प्रयास करेगा सेवानिवृत्त मत्स्य अधिकारी मोहम्मद आफाक खान एवं रमेश चंद्र ने मत्स्य किसानों को विभिन्न जानकारियां प्रदान करते हुए कहा कि मत्स्य कृषक बंधुओ की विभिन्न समस्याओं निराकरण हेतु गोष्ठी स्थल पर स्थापित फेडरेशन उपकेंद्र मे साप्ताहिक रूप से कृषि मत्स्य एवं पशुओं के विशेषज्ञ निशुल्क तकनीकी परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे, पशुधन विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने पशुओं के स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा की. वरिष्ठ विशेषज्ञ आर के सिंह ने भी गोष्ठी को संबोधित करते हुए किसान भाइयों का आ'ान किया कि वे इस केंद्र के विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर अच्छा उत्पादन प्राप्त करें ' इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक उत्कर्ष ने इफको के उत्पादन और उनके सही इस्तेमाल करने की विधियां बताई ' कार्यक्रम में उक्त के अतिरिक्त उपकेंद्र प्रभारी अरविंद कुमार,एकवाकनेक्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक, रिजवान अहमद, इंतजार हुसैन, श्रवण कुमार सुनील कुमार आदि उपस्थित थे '

# रामपुर महोत्सव का शुभारंभ को जैदपुर विधायक गौरव रावत ने फीता काटकर किया





(जीएनएस)।

बाराबंकी। जहांगीराबाद क्षेत्र स्थित परम् संत रमता राम चतुर्भुज स्वामी की तपोस्थली रामपुर धाम में लगने वाले दस दिवसीय रामपुर महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को जैदपुर विधायक गौरव रावत ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक गौरव रावत ने मंदिर परिसर में बनी रंगोलियों को देखा और बच्चों का हौसला अबजई कियो

महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर विधायक श्री रावत ने भजन संध्या कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन कियो

मेला अध्यक्ष आनंद मोहन ने बताया कि प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक है। मेला परिसर में झूले, खिलौनों की दुकानें, बिसात खाने, मिठाई एवं खान-पान के स्टॉल अपनी-अपनी परंपरागत जगहों पर सज चुके हैं। उन्होंने कहा कि दस दिनों तक प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। गौरव रावत ने कहा कि रमता राम चतुर्भुज स्वामी की तपोस्थली पर उपस्थित होकर मन को विशेष शांति एवं सुकून मिलता है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और सभी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संतोष प्राप्त होता है।

इस अवसर पर मेला अध्यक्ष आनंद मोहन, आलोक कुमार, सिद्धार्थ कनौजिया, मोहित, उत्तम सिंह, रोहित, असद साजिद, ज्ञानेंद्र, ललित, अशुवेंद्र,अश्वनी सहित क्षेत्र के गणमन लोग उपस्थित रहे

# नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु महिला थाना टीम महिलाओं को कर रही जागरूक







(जीएनएस)।

बाराबंकी:- पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चंद्र त्रिपाठी के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम म0हे0कां0 आशा यादव, म0कां0 सुमन एवं म0कां0 शिवांगी के द्वारा जवाहरलाल नेहरू पीजी डिग्री कॉलेज एवं बस स्टॉप बाराबंकी में महिलाओं एवं बच्चियों को नारी सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन हेतु घरेलू हिंसा,बाल विवाह, पास्को एक्ट , गुड टच-बैड टच व साइबर क्राइम संबंधी अपराध , महिला मिशन शक्ति केंद्र ,यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया तथा इसके साथ ही साथ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाये गये सभी इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों-1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर,1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर,1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर,112 पुलिस आपातकालीन सेवा,108 एंबुलेंस सेवा एवं 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में विधिवत जानकारी दी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी योजनाओं जैसे- सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए पंपलेट भी वितरित किए और उनकी समस्याएं पूछी किसी ने कोई भी समस्या नहीं बताई।

## महागठबंधन को लेकर लालू यादव आत्मविश्वास से भरे, बोले-14 नवंबर को तेजस्वी की ताजपोशी तय

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अंतिम चरणों में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरम हो चुका है। सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन दोनों ही ओर से बयानबाजी तेज होती जा रही है। इसी बीच राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है।

उन्होंने कहा है कि इस बार बिहार में सत्ता परिवर्तन तय है और महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। लालू यादव ने यह भी स्पष्ट कहा कि उनके बेटे और राजद नेता तेजस्वी यादव आगामी मुख्यमंत्री होंगे। लालू के इस बयान ने चुनावी सियासत में नया जोश भर दिया है और राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

एएनआई से बातचीत में लालू यादव ने कहा, "इस बार तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। 14 नवंबर को सरकार बदल जाएगी। चुनाव प्रचार बहुत अच्छा चल रहा है। पूरे राज्य में लोगों का समर्थन मिल रहा है और महागठबंधन भारी बहुमत से जीतने जा रहा है।"

राजद प्रमुख ने कहा कि स्थानीय नेता जमीन पर मेहनत कर रहे हैं और जनता बदलाव के मूड में है। लोगों का जोश साफ बता रहा है कि अबकी बार बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गौरतलब है कि, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव वैशाली जिले की राघोपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला एनडीए उम्मीदवार सतीश कुमार (भाजपा) और जन सुराज पार्टी के चंचल कुमार से है।

तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया "कट्टा" बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पीएम जब गुजरात जाते हैं तो "फैक्ट्री लगाने" की बात करते हैं, लेकिन बिहार में "बंदूक" की बात करते हैं। तेजस्वी ने कहा, हम ऐसी भाषा में विश्वास नहीं करते।

## 15 साल की भोजपुरी एक्ट्रेस का एमएमएस लीक, रो-रोकर खुद खोला 30 लाख की सच्चाई का राज





भोजपुरी सिनेमा में उभरती सितारों के साथ अक्सर प्राइवेट वीडियो लीक की अफवाहें वायरल होती रहती हैं, जो उनकी जिंदगी को तहस-नहस कर देती हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर 15 साल की नाबालिग भोजपुरी एक्ट्रेस काजल कुमारी का कथित MMS वीडियो वायरल होने की खबर ने हंगामा मचा दिया। लेकिन, फैक्ट चेक में सामने आया है कि यह वीडियो फर्जी और अक-एडिटेड है।

काजल के परिवार ने खुलासा किया कि यह एक साजिश है, जिसमें वीडियो डिलीट करने के लिए 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। आइए जानें पूरी सच्चाई, काजल का बैकग्राउंड और इस विवाद का सच...

काजल कुमारी भोजपुरी इंडस्ट्री की एक युवा और टैलेंटेड कलाकार हैं, जिनकी उम्र महज 15 साल है। 2010 में बिहार के विक्रमगंज में जन्मी काजल ने छोटी उम्र में ही म्यूजिक वीडियोज, शॉर्ट रील्स और स्टेज शोज से अपनी पहचान बनाई। वे भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के साथ कई म्यूजिक एल्बम्स और लाइव परफॉर्मेंस में नजर आ चुकी हैं। उनका डांसिंग और एक्टिंग टैलेंट सोशल मीडिया पर वायरल होता रहता है, खासकर इंस्टाग्राम रील्स पर। काजल न सिर्फ एक्टिंग करती हैं, बल्कि लोकल इवेंट्स में सिंगिंग भी। उनकी फैन फॉलोइंग ज्यादातर युवाओं में है, जो उनकी एनर्जेटिक परफॉर्मेंस से प्रभावित हैं। 2025 में उनका एक भोजपुरी वीडियो वायरल होने से वे ट्रेंडिंग टॉपिक बनीं।

यह कथित MMS वीडियो सबसे पहले इंस्टाग्राम रील्स, टेलीग्राम चैनलों और कुछ भोजपुरी फैन पेजेस पर शेयर हुआ। कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज बटोर लिया, और यूट्यूब पर ट्रेंड करने लगे। ट्विटर हैशटैग ने जोर पकड़ा, जहां कुछ यूजर्स ने इसे शेयर कर बदनामी फैलाई। लेकिन डिजिटल एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी कि वीडियो के पिक्सल, बैकग्राउंड और लाइटिंग में मिसमैच है, जो एआई मैनिपुलेशन की ओर इशारा करता है।

काजल के परिवार ने एक इमोशनल वीडियो पोस्ट कर सच्चाई बताई। उन्होंने कहा कि वीडियो फर्जी है और यह उनकी छवि खराब करने की साजिश है। परिवार को धमकी भरे मैसेज मिले, जिसमें वीडियो डिलीट करने के लिए 30 लाख रुपये मांगे गए। वीडियो में कहा, 'हमने बहुत बर्दाश्त किया, हद से ज्यादा। ये 15 साल की लड़की कितना घुट-घुट कर जी रही है, तुम्हें समझ नहीं आएगा।' उन्होंने स्क्रीनशॉट्स शेयर किए, जो फिरौती की मांग के प्रूफ दिखाते हैं। काजल ने यूट्यूब पर पोस्ट किया:- 'ये वीडियो झूठा और एडिटेड है। कोई मेरी इज्जत बर्बाद करने की कोशिश कर रहा है। सच्चाई जल्द सामने आएगी।' परिवार ने चेतावनी दी कि अगर प्रूफ नहीं दिखाया गया, तो कानूनी कार्रवाई करेंगे।

डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स और भोजपुरी फैन पेजेस के मुताबिक, वीडियो एडिटेड लगता है। बैकग्राउंड और चेहरे की डिटेल्स मैच नहीं करतीं। काजल ने स्पष्ट कहा कि वे वीडियो में नहीं हैं। यह मामला भोजपुरी इंडस्ट्री के पुराने की याद दिलाता है, जब अक्षरा सिंह और त्रिशा कर मधु के वीडियो भी फर्जी निकले थे, जिन्होंने उन्हें मानसिक तनाव दिया। त्रिशा ने तो सुसाइड के विचारों तक का जिक्र किया था।

इस केस से क्या सीख? डिजिटल दुनिया की कड़वी सच्चाई

यह वायरल केस डिजिटल एरा की खतरनाक हकीकत दिखाता है- फर्जी कंटेंट से किसी की जिंदगी बर्बाद हो सकती है। भोजपुरी एंटरटेनमेंट न्यूज में ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां गलतफहमी ने कलाकारों को तोड़ा। काजल का केस हमें याद दिलाता है कि सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी जरूरी है।